पंजाब केसरी 16-10-2024

जी.एम.एन. कॉलेज की वर्कशॉप के दूसरे दिन भी रिज्यूम राइटिंग एवं इंटरव्यू स्किल्स पर चर्चा

जी.एम.एन. कॉलेज में आयोजित वर्कशॉप के दूसरे दिन रिज्यूम राइटिंग एवं इंटरव्यू स्किल्स पर चर्चा करने पहुंचे विद्यार्थी एवं वक्ता। (देवदत्त)

अम्बाला, 15 अक्तूबर (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज में कॉरपोरेट रिसोर्स सैंटर द्वारा कॉलेज के कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग एवं मैनेजमैंट विभाग के सहयोग से चल रही तीन दिवसीय वर्कशॉप के दूसरे दिन मंगलवार को भी रिज्यूम राइटिंग एवं इंटरव्यू स्किल्स पर चर्चा की गई। प्रो. जस्मीता ने मंच का सफल संचालन किया।

रिसोर्स पर्सन डा. कमलप्रीत कौर ने बी.बी.ए. तृतीय वर्ष, बी.कॉम तृतीय वर्ष एवं एम.बी.ए. के विद्यार्थियों को विषय संबधी जानकारी दी। एम.बी.ए. विभाग की विभागाध्यक्ष एवं सी.आर.सी. यूनिट की चेयरपर्सन डा. भारती सुजान ने अपने संबोधन में कहा कि प्रोफैशनल कोर्सेस के बाद अच्छी कंपनी में इंटरव्यू देने के लिए बेहतरीन ढंग से बनाया गया रिज्यूम ही सबसे अहम कदम है।

मैनेजमैंट विभाग की विभागाध्यक्ष डा. भारती विज, कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. श्याम रहेजा एवं डीन डॉ प्रबलीन कौर ने भी विद्यार्थियों को इंटरव्यू स्किल्स से संबंधित जानकारी दी। सत्र के अंत में विद्यार्थियों ने रिसोर्स पर्सन से प्रश्न पूछे और अपनी सभी शंकाओं को दूर किया।